राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

—

राज्यपाल की बसंत पंचमी पर शुभकामनाएं

जयपुर, 29 जनवरी। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने बंसत पंचमी पर्व पर प्रदेशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा है कि ‘‘बसंत उमंग है, ऊर्जा है, जीवन में नयेपन की आस है।’’

—

शहीदों को नमन

जयपुर, 29 जनवरी। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने शहीद दिवस (30 जनवरी) पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और स्वतन्त्रता आंदोलन में बलिदान देने वाले सभी ज्ञात एवं अज्ञात शहीदों को नमन किया है।

—

राज्यपाल गुरूवार को अम्बेडकर नगर जायेगे

जयपुर, 29 जनवरी। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र एक दिवसीय यात्रा पर उत्तर प्रदेश के अम्बेडकर नगर जायेंगे। श्री मिश्र अम्बेडकर नगर के चन्दौका में फूलादेवी चन्द्रधर मिश्र महाविद्यालय में चल रहे श्रीमद भागवत के समापन समारोह में भाग लेगे। श्री मिश्र समारोह में जरूरतमंद महिला व पुरूषों को साडी और कम्बल वितरित करेंगे।

—

राज्यपाल से लोग मिलें

जयपुर, 29 जनवरी। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से बुधवार को यहां राजभवन मे जगदगुरू रामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय की कुलपति श्रीमती अनुला मौर्य और आदित्य बिडला ग्रुप के वाइस प्रेसिडेंट श्री विनोद के. वर्मा ने शिष्टाचार मुलाकात की।

———

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा
सहायक निदेशक (जनसम्पर्क)
राज्यपाल, राजस्थान